बरेली, गुरुवार
20 फरवरी, 2015
नगर संस्करण

# दैनिक जागरण inext



# जस एकेडमी और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते मैच

### गज ग्रीन्स ने 7 विकेट पर 20 ओवर में बनाए 160 रन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (19 Feb): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के दूसरे दिन बुधवार को ग्रुप ए में जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ और गज ग्रीन्स बरेली और ग्रुप सी में हल्द्वानी क्रिकेटर्स और हरदोई स्ट्राइकर्स के बीच मैच खेला गया. जस क्रिकेट एकेडमी ने गज ग्रीन्स बरेली को 5 विकेट से पराजित किया. जबकि हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने हरदोई स्ट्राइकर्स को 158 रनों से हराया. 4 चौकों और एक छक्के की मदद से 45 गेंदों पर 62 रन बनाने वाले जस क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज यश सिरोही और 43 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 63 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के खिलाड़ी कमल सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया.



विनर टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

## खेले गए दो मैच

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को टूर्नामेंट का तीसरा मैच सुबह 9 बजे जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ बनाम गज ग्रीन्स बरेली के बीच आरंभ हुआ. जस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान रोबिन राणा ने टॉस जीत कर गज ग्रीन्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज अभिषेक गंगवार (28 रन, 36 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का) लक्ष्य शर्मा (41 रन, 34 गेंद, 4 चौके, 2 छक्के), अक्षत नामदेव (40 रन, 22 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के) और अर्पित गुप्ता (20 रन, 11 गेंद, 2 छक्के) की मदद से गज ग्रीन्स की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 150 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी जस क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाजों ने आरंभ से ही तेजी से खेलना शुरू किया. अनमोल सक्सेना (58 रन, 38 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) के रूप में पहला विकेट गिरने तक 11.3 ओवर में जस क्रिकेट एकेडमी ने 113 रन बना लिए. ओपनिंग टूटने के बाद भी जस क्रिकेट के बल्लेबाजों ने तेजी से खेलना जारी रखा और 18.4 ओवर में 161 रन बना कर जीत दर्ज की. इस जीत में यश सिरोही (62 रन, 45 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का), निकुंज (12 रन, 7 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), आदर्श (19 रन, 13 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. टीम को मजबूत आधार देने वाले यश सिरोही को मैन आफ द मैच चुना गया.

### टूर्नामेंट में आज

पांचवां मैच सुबह 9 बजे : हरदोई स्ट्राइकर्स बनाम ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली (ग्रुप सी)

छठा मैच दोपहर 12.30 बजे : अइकि कलेक्शन बरेली बनाम गज ग्रीन्स बरेली (ग्रुपए)

## दोपहर में हुआ चौथा मैच

टूर्नामेंट का चौथा मैच दोपहर 12.30 बजे हल्द्वानी क्रिकेटर्स और हरदोई स्ट्राइकर्स के हुआ. हरदोई स्ट्राइकर्स के कप्तान रुद्र प्रताप ने टॉस जीत कर हल्द्वानी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. लेकिन हल्द्वानी के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 241 रन बना कर उनका फैसला गलत साबित कर दिया. हल्द्वानी के लिए कप्तान दीशु (48 रन, 26 गेंद, 9 चौका), कमल सिंह (63 रन, 43 गेंद, 7 चौके, 3 छक्के), सागर राजा (73 रन, 23 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) और दीपक कोरंगाटी (19 रन, 13 गेंद, 2 छक्के) ने महत्वपूर्ण रन बनाए. हरदोई स्ट्राइकर के लिए कप्तान रुद्र ने 3 विकेट लिए. पहाड़ से स्कोर को देख मनोवैज्ञानिक दबाव में आई हरदोई स्ट्राइकर टीम बिखर गई और सभी खिलाड़ी 83 रन पर पवेलियन लौट गए. विशाल (12 रन) और ऐश नवलानी (23 रन) को छोड़कर हरदोई स्ट्राइकर का कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंचा. हरदोई स्ट्राइकर्स के खिलाफ 43 गेंदों पर 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 63 रन बनाने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के खिलाड़ी कमल सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया. कमल ने मैच में एक गेंद भी फेंकी और एक विकेट भी हासिल किया.